पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
————

राज्यपाल ने एच0पी0वी0 टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ
————
500 बालिकाओं का हुआ एच0पी0वी0 टीकाकरण
————
राज्यपाल ने 62 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व 22 ईसीसीई के नियुक्ति पत्र, 100 आयुष्मान कार्ड, 25 लैपटॉप, 100 टैबलेट, 8 दिव्यांग छात्रों को ट्राईसाइकिल और 10 पॉपकॉर्न मशीनों का किया वितरण
————
राज्यपाल ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया लाभान्वित
————
आंगनबाड़ी एवं स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी मनमोहक प्रस्तुति
————
छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने हेतु एच.पी.वी. टीकाकरण आकांक्षा समिति की सराहनीय पहल
————
सी0एस0आर0 फंड का शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया जाए भरपूर प्रयोग
————
बच्चों को बीमारियों से सुरक्षित रखना हमारी अहम जिम्मेदारी, ईश्वर का साक्षात अवतार होते हैं बच्चे

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल
————

लखनऊः 09 अप्रैल, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गौतम बुद्ध नगर में आकांक्षा समिति द्वारा आयोजित एच0पी0वी0 टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 500 बालिकाओं को एच0पी0वी0 टीका लगाया गया। राज्यपाल जी ने 62 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व 22 ईसीसीई के नियुक्ति पत्र, 100 आयुष्मान कार्ड, 25 लैपटॉप, 100 टैबलेट, 8 दिव्यांग छात्रों को ट्राईसाइकिल और 10 पॉपकॉर्न मशीनों का वितरण किया। उन्होंने वैक्सीनेशन सेंटर तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया

एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान के शुभारंभ अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई तथा सर्वाइकल कैंसर

प्रीवेंशन अवेयरनेस वीडियो का प्रसारण भी किया गया। राज्यपाल जी ने वैक्सीनेशन में सहयोग प्रदान करने वाले लोगों को सम्मानित किया तथा छात्राओं को वैक्सीनेशन किट भी वितरित की। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण हेतु जिला प्रशासन एवं रोटरी क्लब ओखला दिल्ली के मध्य एम.ओ.यू भी हस्ताक्षर किए गए।

राज्यपाल जी ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने हेतु इसके व्यापक प्रचार प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एच0पी0वी0 वैक्सीनेशन के लिए परिवार, समाज, उद्यमियों एवं जनप्रतिनिधियों को आगे आने की जरूरत है। कंपनियां अपने सी0एस0आर0 फंड का अधिक से अधिक उपयोग स्वास्थ्य के क्षेत्र में करें, क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत का संकल्प है कि सभी देशवासी शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में मजबूत हो, तभी विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने आकांक्षा समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हम सबको आकांक्षा समिति के इस प्रयास में हिस्सेदार बनना चाहिए और अधिक से अधिक लोगों को एच0पी0वी0 वैक्सीनेशन के संबंध में जागरूक करना चाहिए ताकि लोग अपनी बच्चियों को एच0पी0वी0 वैक्सीनेशन कराकर सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से सुरक्षित रख सके।

उन्होंने बच्चों की अच्छी परवरिश पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को जन्म से ही अच्छे संस्कार देने चाहिए, यदि हम बच्चों को अच्छे संस्कार देंगे तो ही समाज में हमारी संस्कृति सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा बच्चे ईश्वर का साक्षात अवतार होते हैं, इसलिए उनकी परवरिश पर विशेष ध्यान रखा जाए। बच्चों को मोबाइल से दूर रखा जाए जब तक उनको अपने अच्छे एवं बुरे का ज्ञान ना हो जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे कवियों को बाल गीत भी लिखने चाहिए, जिन्हें सुनकर बच्चे अच्छी प्रेरणा प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्यों ने भी एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा ने

एच0पी0वी0 वैक्सीनेशन अभियान के संबंध में राज्यपाल जी को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के विषय में जानकारी देते हुए इससे किस प्रकार बचा जा सकता है, इसकी पूर्ण जानकारी दी और कहा कि आप अपने सगे संबंधियों को भी इसके संबंध में जागरूक बनाते हुए टीकाकरण के लिए प्रेरित करें।

आकांक्षा समिति की जिला अध्यक्ष डॉक्टर अंकिता राज ने सर्वाइकल कैंसर के विषय में विस्तार से बताया और कहा कि एचपीवी वैक्सीनेशन से सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचा जा सकता है। इसलिए आकांक्षा समिति गौतम बुद्ध नगर के तत्वाधान में यह अभियान आगे भी चलाता रहेगा।इस दौरान सांसद गौतमबुद्धनगर डॉ महेश शर्मा, एमएलसी श्री नरेंद्र भाटी, विधायक नोएडा श्री पंकज सिंह, विधायक श्री जेवर धीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अमित चौधरी, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

———————

सम्पर्क सूत्र
डॉ0 संगीता चौधरी—सूचना अधिकारी
मो0—9161668080

Felix Hospitals

Felix Hospitals

Rotary Club of
Delhi Okhla City
Felix Hospitals
Your care, Our passion

(HPV Vaccination)
दिनांक : 9 अप्रैल 2025
श्रीमती आनंदीबेन पटेल